# 12646 - एतिकाफ किस दिन है ?

## प्रश्न

क्या रमज़ान के अंतिम दस दिनों के अलावा किसी भी समय एतिकाफ करना जाइज़ है ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

जी हाँ, किसी भी समय एतिकाफ करना जाइज़ है, और सबसे श्रेष्ठ एतिकाफ वह है जो रमज़ान के अंतिम दस दिनों में हो ; अल्लाह के पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम और आप के सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हुम का अनुसरण करते हुए। तथा नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के बारे में साबित है कि आप ने एक साल शव्वाल के महीने में एतिकाफ किया।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला (शक्ति का स्रोत) है।